प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. बीस नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए कल शाम समाप्त हो जाएगा चुनाव प्रचार।
2. एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संताल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर।
3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गोमिया में चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा–चुनाव की लहर बता रही है कि जनता ने झामुमो कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का ले लिया है निर्णय।
4. चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद मतदाताओं से अपील का संदेश नहीं प्रसारित करने का दिया निर्देश।
5. पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता में रांची विश्वविद्यालय की टीम बनी चैंपियन।

**********************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मतदाताओं को लुभाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का संताल और कोयलांचल के इलाकों में प्रचार अभियान जोरों पर चल रहा है।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज गोमिया में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि चुनाव की लहर बता रही है कि जनता ने झामुमो, कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकने का निर्णय ले लिया है।

इसके बाद श्री नड्डा सिंदरी और नाला में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्य भर में आज छह रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। उधर, कांग्रेस राज्यभर में कई बैठकें करने वाली है। राजद नेता तेजस्वी यादव भी धनबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शिवराज सिंह चौहान, हिमंत बिस्व सरमा और चंपाई सोरेन सहित कई भाजपा नेता भी एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे। आजसू पार्टी और वामपंथी दलों के नेता भी झारखंड के विभिन्न हिस्सों में रैलियां और रोड शो कर सकते हैं। राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा, मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

**********************

झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बोकारो में पत्रकारों से बाचतीच करते हुए हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। श्रीसरमा ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है।

**********************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में चुनावी सभा के दौरान भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

**********************

एनडीए की सहयोगी आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मांडू विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान के रुझान से साफ हो गया है कि सभी 81 विधानसभा सीटों पर फूल–फल को आशीर्वाद मिल रहा है। श्रीमहतो ने कहा कि अब हेमंत की सरकार जाने वाली है और एनडीए की सरकार आने वाली है।

**********************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रांची में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। श्री शाहदेव ने कहा कि पूरे राज्य में परिवर्तन की लहर है और एनडीए बहुमत के साथ सरकार बनाऐगा।

**********************

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है।

**********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज रांची में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि बहुत दुख होता है जब झारखंड से भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती है। उन्होंने कहा कि झारखंड इकलौता प्रदेश होगा जहां के सांसद और अधिकारियों के घरों से करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। श्रीठाकुर ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ बहुत बड़ा मुद्दा है।

**********************

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद मतदाताओं से अपील का संदेश नहीं प्रसारित करने का निर्देश दिया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव के लिए मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**********************

जामताड़ा जिले में स्विप के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

पाकुड़ विधानसभा सीट से आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम पर कोटालपोखर के पास अपराधियों ने बम से हमला कर दिया। इस हमले में वह बाल–बाल बच गए हैं, हालांकि उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। अजहर इस्लाम बरहड़वा से जनसंपर्क कर वापस लौट रहे थे तभी यह हमला हुआ। उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वी हार के डर से बौखला गए हैं और उनपर दूसरी बार जानलेवा हमला कराया गया है।

**********************

रांची विश्वविद्यालय की टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ओडिशा के संबलपुर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता में चैंपियन बनी है। रांची विश्वविद्यालय ने सेमीफाइनल लीग के अंतिम मैच में भुवनेश्वर के किट विश्वविद्यालय से बराबरी खेलकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। रांची विश्वविद्यालय की टीम ने सेमीफाइनल लीग के अपने तीन मैचों में से दो में जीत दर्ज की जबकि एक मैच ड्रॉ रहा।

**********समाप्त****************